53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 24.0°c
अधिकतम 33.0 °c

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

**अमृतवाणी**

अच्छा व्यवहार सौंदर्य की कमी को पूरा कर सकता है मगर सौंदर्य कभी अच्छे व्यवहार की कमी को पूरा नहीं कर सकता।

सपा का प्रदेश में शान्ति और विकास से कोई संबंध नहीं है : एस एन सिंह



सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा

रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:14, सूर्यास्त - 6:00

वर्ष : 53/अंक : 275 रविवार, 05 अक्टूबर 2025 अश्विन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

राज सुख भोगने की चाहत में.... लोग सेवा को भूल जाते हैं....




To locate your nearest store and know more on +91 81473 49242 Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions Apply. | Scan the QR code to find the nearest Tanishq store

वकील रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर मो- 7455900800

53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/अंक : 275 रविवार, 05 अक्टूबर 2025 अश्विन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये 

### फांसी के फंदे पर लटका मिला किशोर का शव



**जानसठ, 04 अक्टूबर (बु.)।** 17 वर्षीय दीपांशु का शव घर के कमरे की छत में कुंडे के सहारे फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव मोर्चरी भेज कर जांच पड़ताल शुरू की। कस्बे के मौहल्ला गंज निवासी 17 वर्षीय दीपांशु के माता-पिता की कई वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी। बड़ा भाई बहनों के साथ दिल्ली में रहता है। दीपांशु घर में अकेला रहता था और कस्बे में स्थित परचून की दुकान पर नौकरी करता था। गांव तालड़ा की रहने वाली उसकी मौसी की बेटी जानसठ के स्कूल में पढ़ती है। शनिवार दोपहर को स्कूल से मौसी की बेटी दीपांशु के घर पहुंची, तो दरवाजा खोलते ही वह डर गई, क्योंकि घर के अंदर कमरे में दीपांशु का शव फंदे पर लटका हुआ था। उसने शोर मचाया तो मौहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतारा। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा का कहना है कि मामला आत्महत्या का है। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

# अपहरण, फिरौती और 8 घंटे बाद रिहाई

## 10 लाख की फिरौती देकर किसान परिवार की जान में जान आई || कौन हैं वो बदमाश जो पुलिस को दे गए खुली चुनौती?

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश का जनपद मुजफ्फरनगर एक बार फिर 'क्राइम कैपिटल' के नाम से सुर्खियों में आ गया है। इस बार बदमाशों ने पुलिस-प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए दिन-दहाड़े एक किसान का अपहरण कर लिया और 10 लाख रुपये की मोटी फिरौती वसूलने के बाद उसे 8 घंटे बाद रिहा किया। इस सनसनीखेज वारदात ने जिले में हड़कंप मचा दिया है और बदमाशों ने पुलिस महकमे के इस घटना के बाद से होश फाख्ता कर दिए हैं।



घटना कस्बा जानसठ के ग्राम तालड़ा की है, जहां खेत पर काम कर रहे एक किसान मौहल्ला हुसैनपुर निवासी अटल कुमार पुत्र मदनलाल को बदमाशों ने दिन-दहाड़े अगवा कर लिया। अपहरणकर्ताओं ने किसान के ही मोबाइल फोन से उसके बेटे को फोन किया और उसकी रिहाई के बदले 10 लाख रुपये फिरौती की मांग की। बदमाशों द्वारा घटना को इतने शातिराना अंदाज से अंजाम दिया गया कि पुलिस को खबर लगने से पहले ही फिरौती की रकम वसूल ली गई। बताया जा रहा है कि फिरौती की रकम मिलते ही बदमाशों ने किसान अटल कुमार को 8 घंटे बाद सुरक्षित रिहा कर दिया। दरसअल





जानसठ कोतवाली क्षेत्र के गांव तालड़ा निवासी किसान अटल कुमार गुरूवार सुबह 11 बजे के करीब अपने घर से बाइक पर खेत में जाने के लिए निकला था। आरोप है कि इसी दौरान ईंख के खेत से निकले दो नकाबपोश बदमाशों ने तमंचे के बल पर उसका अपहरण कर लिया था। आरोप यह भी है कि पीड़ित किसान अटल के मोबाइल से अपहरणकर्ताओं ने उसके बेटे को फोन किया, जिसके बाद 10 लाख रुपये फिरौती की रकम वसूलने के 8 घंटे बाद उसे आजाद किया गया। किसान के वापस लौटने के बाद तत्काल इसकी शिकायत पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। घटना की जानकारी मिलते ही आलाधिकारियों ने आनन-फानन में घटनास्थल का दौरा किया और मामले की बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने अज्ञात अपहरणकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है।

### लंबे समय बाद बदमाशों ने दी है खाकी को खुली चुनौती

**मुजफ्फरनगर।** इस घटना ने एक बार फिर जिले की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब पुलिस के लिए यह मामला एक खुली चुनौती बन गया है, जिसको जल्द से जल्द सुलझाने और अपहरणकर्ताओं को सलाखों के पीछे पहुंचाने का खाकी पर दबाव बढ़ गया है।

### एसपी देहात को सौंपी गई पूरी जांच

**मुजफ्फरनगर।** आपको बता दें कि अपहरण कर फिरौती लेने की इस सनसनीखेज घटना के बाद एसएसपी मुजफ्फरनगर संजय कुमार वर्मा द्वारा इस घटना की जांच एसपी ग्रामीण आदित्य बंसल को सौंपी है, जिससे कि जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी से इस मामले का खुलासा किया जा सके।

### घटना की हर पहलुओं से की जाएंगी जांच : एसपी देहात

**मुजफ्फरनगर।** एसपी ग्रामीण आदित्य बंसल ने बताया कि कल शाम ऐसे सूचना ग्राम तालड़ा थाना जानसठ से प्राप्त हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई थी, जब वह अपने ही ईंख के खेत और आम के बाग में गया था तो एक बदमाश द्वारा उसको रोककर बंधक बना लिया और फिर उन्हीं के फोन से अपने ही बेटे को फोन कराया गया, उसको गाजियाबाद से बुलाया गया कुछ पैसे मंगवाए गए, जिनके उपरांत उनको बोला कि उनको छोड़ दिया गया है। यह बहुत ही गंभीर मामला था, इसमें मेरे द्वारा सीओ जानसठ द्वारा पूरी टीम के साथ ही एसओजी सर्विलांस की टीमें गठित कर दी गई हैं और हर पहलू के प्रति बहुत गंभीरतापूर्वक जांच की जा रही है। जो तथ्य इसमें प्रकाश में आयेंगे उसी अनुसार इसमें वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जो वादी द्वारा बताया गया है कि एक ही बदमाश द्वारा उसको ईंख के खेत में रोका गया और वादी के फोन से ही लगातार इधर-उधर कॉल की जा रही थी। हर चीज जो भी हमारे टेक्निकल इनपुट हैं, सभी पर काम किया जाएगा। हर पहलू पर बहुत ही गंभीरता से जांच की जा रही है।

### खतौली में संघर्ष, पथराव व फायरिंग

**मुजफ्फरनगर।** पुरानी चुनावी रंजिश को लेकर बीती रात खतौली ग्रामीण भूड़ मौहल्ले में दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे, पत्थराव के साथ ताबड़तोड़ फायरिंग से कॉलोनी के लोगों में हड़कम्प मच गया ? घटना में घायल कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार खतौली भूड़ क्षेत्र के इस्लामाबाद कॉलोनी में बताया जाता है कि पुरानी चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों के लोगों के बीच विवाद चल रहा था, जिसको लेकर दो पक्षों के लोगों के बीच विवाद चल रहा था, जिसमें दोनों पक्षों में कई दिनों से टकराव की स्थिति बनी हुई थी। बीती रात विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों गुटों के बीच जमकर लाठी-डंडे व पत्थर चले तथा गोलीबारी शुरू होने से क्षेत्र के लोगों में हड़कम्प मच गया। वारदात में वसीम, जावेद, दिलशाद, आस मौहम्मद, फरमान व सलमान गंभीर घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से घायलों को मेरठ स्थित एक अस्पताल के लिए रैफर किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगालकर हमलावरों की तलाश शुरू की गयी वहीं जाच पड़ताल के दौरान पुलिस द्वारा गोली के खाली खोखे भी बरामद किये गए।

### अवैध हथियारों का प्रदर्शन जारी, एक और वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर, 4 अक्टूबर (बु.)।** अवैध हथियारों के प्रदर्शन के मामले में मुजफ्फरनगर एक बार फिर सुर्खियों में है, जहाँ एक और वायरल वीडियो ने विवाद को हवा दे दी है। यह वीडियो खालापार थाना क्षेत्र के सुजड़ू के कुंगर पट्टी निवासी फरहान राणा का बताया जा रहा है, जिसमें एक युवक को अवैध हथियारों के साथ बेखौफ होकर रील बनाते हुए और उसे इंस्टाग्राम पर अपलोड करते हुए देखा जा सकता है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह वीडियो क्षेत्र के दबंग युवकों की कथित गतिविधियों को दिखाता है, जो कानून और व्यवस्था को चुनौती देते हुए नजर आ रहे हैं। इस तरह के वीडियो बनाकर सार्वजनिक मंच पर प्रदर्शन करना न केवल हथियार कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह क्षेत्र में भय और अराजकता का माहौल भी पैदा करता है। फिलहाल, वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है। पुलिस यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि क्या यह वीडियो वास्तव में मुजफ्फरनगर का ही है या किसी अन्य स्थान का। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस वीडियो की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। गौरतलब है कि मुजफ्फरनगर में पिछले कुछ समय से अवैध हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो और रील बनाने के कई मामले सामने आ चुके हैं, जिसके कारण जिले की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। पुलिस प्रशासन को ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है, जो सोशल मीडिया का दुरुपयोग करके अपराध को महिमामंडित कर रहे हैं। इस तरह के मामलों में निरंतर वृद्धि चिंता का विषय है और यह कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है।





# यमुना नदी में समा गई 5 जिंदगियां, पत्नी की बेवफाई से था युवक परेशान

## यमुना में छलांग लगाने से पहले मजदूर ने अपने बच्चों के साथ रोते हुए वीडियो बनाई, भेज दी अपनी बहन को

**कैराना, 04 अक्टूबर (बु.)।** पत्नी की बेवफाई से परेशान 38 वर्षीय मजदूर सलमान ने अपनी 12 वर्षीय बेटी महक, 5 वर्षीया बेटी शिफा, 3 वर्षीय बेटे आयान और आठ माह की बेटी इनायशा के साथ शुक्रवार दोपहर 01 बजे यमुना में कूद कर आत्महत्या कर ली। यमुना में कूदने से पहले मजदूर ने अपने बच्चों के साथ रोते हुए वीडियो बनाकर अपनी बहन को भेज दी थी। वीडियो में अपनी तथा बच्चों की मौत के लिए अपनी पत्नी व उसके प्रेमी को जिम्मेदार बताया था। शुक्रवार दोपहर 12 बजे मौहल्ला खेल कलां निवासी 38 वर्षीय सलमान अपनी बहन गुलिस्ता को यह बोल कर घर से गया था कि वह काम पर जा रहा है। इसके बाद दोपहर करीब 01 बजे सलमान अपने चारों बच्चों के साथ यमुना नदी के पुराने पुल से यमुना नदी में कूद गया। वहीं यमुना नदी में कूदने से पहले सलमान ने अपने बच्चों के साथ आत्महत्या करने की वीडियो बना कर अपनी बहन गुलिस्ता को भेज दी थी, जिसके बाद परिजनों ने सलमान व बच्चों की तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। शनिवार सुबह सलमान की आत्महत्या की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पता चला कि सलमान बच्चों के साथ यमुना में कूद



मरने से पूर्व बच्चों संग मजदूर



जमा भीड़ और पुलिस प्रशासनिक अधिकारी

### मजदूर और उसके बच्चों की तलाश में पीएसी की फ्लड यूनिट मौके पर पहुंची

**कैराना, 04 अक्टूबर (बु.)।** पत्नी की बेवफाई से परेशान मौहल्ला खेल कलां निवासी सलमान अपने चार बच्चों के साथ एक दिन पहले यमुना में कूद गया था। मजदूर और उसके बच्चों के यमुना में कूदने के कारण परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं पीएससी की फ्लड यूनिट मोटर बोट के सहारे यमुना में कूदे मजदूर और उसके बच्चों की तलाश कर रही है। इसके अलावा प्राइवेट गोताखोर भी लगे हैं। शुक्रवार दोपहर पत्नी की बेवफाई से परेशान मौहल्ला खेल कलां निवासी 38 वर्षीय सलमान अपने चार बच्चों के साथ यमुना नदी में कूद गया था। शनिवार सुबह सलमान व बच्चों के यमुना में कूदने का पता चलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र में खबर फैलने पर हजारों लोग भी यमुना नदी पर जमा हो गये। सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार और एसडीएम निधि भारद्वाज भी मौके पर पहुंची। शनिवार सुबह 11 बजे प्राइवेट गोताखोरों को बुलाया गया, लेकिन उनकी बोट की ट्यूब में पंचर होने के कारण बचाव कार्य शुरू नहीं हुआ था। इसके बाद दोपहर 12 बजे पीएसी की फ्लड यूनिट मौके पर पहुंची तथा मोटर बोट के सहारे मजदूर व बच्चों की तलाश शुरू की।

### सलमान ने यमुना में छलांग लगाने से पहले वीडियों में बयां किया अपना दर्द

**कैराना, 04 अक्टूबर (बु.)।** यमुना में कूदने से पहले अपनी बहन गुलिस्ता को भेजे एक वीडियो में सलमान कह रहा है कि महक बेटा हम सारे के सारे मर जाएंगे, हमारी मौत के लिए जिम्मेदार कौन है, बेटा तेरी अम्मी है बेटा, शाबिर, हारुन, इंतजार, इश्तकार, अंजुम, इन्होंने सात माह से हमारी जिंदगी खराब कर रखी है, हमारी मौत के जिम्मेदार ये लोग होंगे। हमारी सात माह से जिंदगी खराब कर रखी है। एक दूसरे वीडियो में उसने कहा कि मुझे मौत का फैसला यूं लेना पड़ा, इस औरत ने सात माह से मेरी जिंदगी तबाह कर रखी है।

### 07 महीने से पत्नी की बेवफाई के कारण घर में रहता था झगड़ा

**कैराना, 04 अक्टूबर (बु.)।** यमुना में कूदे सलमान की बहन गुलिस्ता ने बताया कि पिछले करीब 07 माह से सलमान की पत्नी खुशनुमा का जौला निवासी साबिर के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था, जिस कारण घर में आये दिन झगड़ा रहता था। उसका भाई सलमान पहले पानीपत में सिलाई का काम करता था। बाद में वह पंजाब के लुधियाना में ठेली पर केले बेचने का काम करता था। तीन दिन पहले ही सलमान पंजाब से घर आया था। बृहस्पतिवार को पति-पत्नी में बीच लड़ाई हुई थी, जिसके बाद सलमान की पत्नी खुशनुमा अपने प्रेमी साबिर के साथ चली गई थी। इसी बात से आहत होकर उसका भाई सलमान बच्चों को लेकर यमुना पुल पर आया तथा बच्चों के साथ यमुना में कूद गया।

### दो लोगों को पटखने के बाद सांड को रेस्क्यू कर पहुंचाया गया काऊ सेंचुरी

**मुजफ्फरनगर 04 अक्टूबर (बु.)।** शुक्रवार को मौहल्ला रामपुरी में दो अलग अलग स्थानों पर लोग को एक सांड ने उस समय घायल कर दिया था जब उक्त लोग उसे डंडा भगाने का प्रयास कर रहे थे। एक घटना में कुछ देर खड़ा हुआ सांड तमाशा देखता रहा, मगर मौका देखते ही जैसे ही सांड को भगाने वाला व्यक्ति पास आया तो तुरन्त सांड ने अपने काम को अंजाम दिया और सींगों से उठाकर दीवार में दे मारा। उक्त घटना में तो यह व्यक्ति रामपुरी निवासी सुभाष मामूली घायल हो गया मगर दूसरी घटना में ठीक इसी प्रकार सांड ने अपना वार किया और जैसे ही युवक को पटका तो युवक आकाश का एक पैर टूट गया। जैसा कि पहले से ही सभी को पता है कि जब तक नगर में घटनाएं नहीं होती, तब तक पशु, चिकित्सा विभाग जागता ही नहीं। एकाएक दो घटनाओं की खबर सोशल मीडिया पर फैलने के बाद अपनी मस्ती में चूर अधिकारी जागे और सांड को पकड़वाकर उसे पुरकाजी स्थित तुगलकपुर कम्हेड़ा काऊ संेचूरी भेजने का काम किया गया। उक्त घटना ने फिर एक बार कई सवाल खड़े किए कि योगी सरकार व स्वयं पूर्व सांसद संजीव बालियान ने मशक्कत कर इतनी बड़ी काऊ सेंचुरी खुलवाई है, बावजूद उसके सड़कों पर गौवंश और आवारा सांड देखे जा सकते हैं। मगर सुध तभी ली जाती है जब तक कोई बड़ी घटना न हो जाए।







# जिले में शिक्षा और तकनीक का नया अध्याय हुआ प्रारंभ

## मंत्री ने आईटीआई कॉलेज निर्माण का किया निरीक्षण ▶▶ करीब 262 करोड़ रुपए की लागत से हो रहा कॉलेज निर्माण

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** योगी सरकार के कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने कंपनी बाग के सामने टाटा टेक्नोलॉजी द्वारा निर्माणाधीन सीआईआई आईटी परिसर का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए। यह संस्थान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच व मंत्री कपिल देव अग्रवाल के सतत प्रयासों का परिणाम है, जिसमें करीब 262 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित हो रहे इस अत्याधुनिक कॉलेज के माध्यम से मुजफ्फरनगर सहित पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए शिक्षा और रोजगार का नया द्वार खुलेगा। नगर मुख्यालय पर निर्माणाधीन सीआईआईआईटी के निरीक्षण के दौरान मंत्री कपिल देव ने अधिकारियों को निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह संस्थान आने वाले समय में युवाओं को एडवांस ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, असेंबली लाइन टेक्नोलॉजी, ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों की शिक्षा प्रदान करेगा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार का लक्ष्य मात्र डिग्री बांटना नहीं, अपितु युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाना है। सरकार ने शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में जो भी अब तक ऐतिहासिक सुधार किए हैं, उनके परिणाम धरातल पर दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें आईआईटी, पॉलिटेक्निक और अब सीआईआईआईटी जैसे नए संस्थान प्रदेश को तकनीकी दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार ने युवाओं को रोजगार व उद्यमिता से जोड़ने के लिए अनेक योजनाएं चलाई हैं। एक जिला-एक उत्पाद से लेकर विक्रेता सम्मान योजना, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया जैसी योजनाएँ युवाओं के भविष्य को नई दिशा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी तकनीकी शिक्षा और रोजगार की शक्ति बनकर उभरेगा। बता दें, पूरे उत्तर प्रदेश में अब तक कुल 5 सीआईआईआईटी कॉलेज स्थापित हुए हैं, उनमें से एक मुजफ्फरनगर की धरती पर बन रहा है। यह संस्थान न केवल युवाओं को आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण देगा बल्कि उन्हें आत्म निर्भर बनाते हुए देश-प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान करने का अवसर भी प्रदान करेगा।





# उत्तर प्रदेश में बदले गए 42 जिला जज, वीरेंद्र कुमार सिंह मुजफ्फरनगर जिला जज बने

**लखनऊ, 04 अक्तूबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में तबादलों का दौर जारी है। जहां उत्तर प्रदेश सरकार बड़े पैमाने पर आईएएस तथा आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर रही है, वहीं इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भी बड़े पैमाने पर जजों के तबादले किए हैं। उत्तर प्रदेश के हाईकोर्ट का नाम इलाहाबाद हाईकोर्ट है। उत्तर प्रदेश के हाईकोर्ट ने प्रदेश के 42 जिलों के जिला जज एक साथ बदल दिए हैं। नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) गाजियाबाद, संभल, वाराणसी, प्रयागराज, मथुरा, कौशांबी समेत कई जिलों के जिला जज बदल दिए गए हैं। हम आपको यहां विस्तार से बता रहे हैं कि उत्तर प्रदेश के किस जिले में किस जज को बनाया गया है नया जिला जज। उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर जिले में मलखान सिंह को नया जिला जज बनाया गया है। अभी तक मलखान सिंह हापुड़ में जिला जज के पद पर तैनात थे। इसी प्रकार फर्रुखाबाद जिले के जिला जज विनय कुमार को हाथरस भेजा गया है, जबकि श्रावस्ती के जिला जज राममिलन सिंह को देवरिया का जिला जज बनाया गया है। इसी तरह शामली के जिला जज विकास कुमार को मथुरा, महोबा के जिला जज जय प्रकाश यादव को कौशांबी, मथुरा के जिला जज आशीष गर्ग को गाजियाबाद, प्रयागराज के जिला जज संतोष राय को मुजफ्फरनगर और अलीगढ़ के जिला जज संजीव कुमार को प्रयागराज में जिला जज बनाया गया है। जजों के तबादलों के क्रम में कौशाम्बी के जिला जज अनुपम कुमार को अलीगढ़, महाराजगंज के जिला जज नीरज कुमार को फर्रुखाबाद, इटावा के जिला जज चवन प्रकाश को कानपुर नगर, आगरा के जिला जज विवेक संगल को बदायूं और कानपुर नगर के जिला जज प्रदीप कुमार सिंह को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच भेजा गया है। साथ ही गोरखपुर के जिला जज तेज प्रताप तिवारी को रामाबाई नगर (कानपुर देहात), भदोही के जिला जज दुर्गा नारायण सिंह को संभल, रामाबाई नगर (कानपुर नगर) के जिला जज जयप्रकाश तिवारी को वाराणसी, वाराणसी के जिला जज संजीव पांडेय को मेरठ, औरैया के जिला जज संजय कुमार को बिजनौर, संभल के जिला जज कमलेश कुच्छल को झांसी, झांसी के जिला जज पदम नारायण मिश्र को मुरादाबाद भेजा गया है। इसी तरह मुरादाबाद के जिला जज भानु देव शर्मा को रामपुर, रामपुर के जिला जज सत्य प्रकाश त्रिपाठी को प्रतापगढ़, बहराइच के जिला जज उत्कर्ष चतुर्वेदी को बलरामपुर, मेरठ के जिला जज रजत सिंह जैन को इटावा, हाथरस के जिला जज सत्येंद्र कुमार को बहराइच, देवरिया के जिला जज देवेंद्र सिंह को बांदा, प्रतापगढ़ के जिला जज अब्दुल शाहिद को पीलीभीत, बागपत के जिला जज संजय कुमार मलिक को आगरा, बदायूं के जिला जज मनोज कुमार को बागपत, मुजफ्फरनगर के जिला जज डॉ. अजय कुमार को हापुड़ का जिला जज बनाया गया है। इसी तरह अमरोहा के जिला जज जफीर अहमद को गोंडा, बांदा के जिला जज डॉक्टर बब्बू सारंग को फिरोजाबाद और बलरामपुर के जिला जज अनिल कुमार झा को गोरखपुर का जिला जज बनाया गया है। इसके अलावा नोएडा के पीठासीन अधिकारी मयंक चौहान को औरैया का जिला जज बनाया गया है। हापुड़ पारिवारिक कोर्ट के जज डॉक्टर विदुषी सिंह को महोबा की जिला जज बनाया गया है। इसी तरह प्रतिमा श्रीवास्तव को बाराबंकी का जिला जज नियुक्त किया गया है। साथ ही अजय कुमार सिंह को महाराजगंज का जिला जज नियुक्त किया गया है। लखनऊ बेंच के वरिष्ठ रजिस्ट्रार विवेक को अमरोहा जिला का जिला जज बनाया गया है। इसी तरह रमेश चंद्र को वाणिज्य कर न्यायाधिकरण लखनऊ के पद पर भेजा गया है। अखिलेश दुबे को भदोही का जिला जज बनाया गया है। चंदौली के पारिवारिक न्यायालय के जज राकेश धर दुबे को श्रावस्ती का जिला जज नियुक्त किया गया है। साथ ही मुरादाबाद के वाणिज्यिक न्यायालय के जज इंद्रप्रीत सिंह जोश को शामली का जिला जज बनाया गया है।

शोक सन्देश एवं रस्म पगड़ी

सुनहु भरत भावी प्रबल, बिलख कहेउ मुनि नाथ। हानि-लाभ, जीवन-मरण, यश अपयश विधि हाथ।।



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी

श्री राजीव सिंघल जी

(सुपुत्र स्व० लाला धर्म प्रकाश सिंघल जी)

का निधन दिनांक 24 सितम्बर 2025, दिन- बुधवार को हो गया था।

परमपिता परमेश्वर की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म पगड़ी एवं शोक सभा

आज दिनांक 05 अक्टूबर 2025, दिन-रविवार को

हवन- सुबह 9.00 बजे (निज निवास)

रस्म पगड़ी एवं शोक सभा - अपराह्न 2.00 बजे

बारात घर, पचेण्डा रोड, गाँधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार :-

सपना सिंघल (पत्नी), अर्चित सिंघल, लविश सिंघल (पुत्र)

पारूल कुच्छल, अमित कुच्छल (बहन, बहनोई)

रिया, मान्या, अर्णव (भतीजी, भतीजा) एवं समस्त सिंघल परिवार

प्रतिष्ठान :- वोलगा ड्राईक्लीनर्स एवं वोलगा क्रॉकरी

सम्पर्क सूत्र:- 9548888852, 8630736246



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## बिहार में चुनाव से पहले योजनाओं की बहार

बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। इससे पहले वहां चुनावी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मुख्य रूप से तीन गुट मैदान में हैं। एनडीए, महागठबंधन और जनसुराज पार्टी। जनसुराज पार्टी अकेले मैदान में है। ओपिनियन पोल में एनडीए यानी नीतीश कुमार का पलड़ा भारी है। महागठबंधन उसके पीछे है और जनसुराज पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। लालू का जंगलराज अभी लोग भूले नहीं हैं। प्रधानमन्त्री भी जंगलराज की याद दिलाते रहते हैं। तेजस्वी यादव बहुत कोशिश कर रहे हैं कि वे किसी तरह मुख्यमन्त्री बन जाएं। अभी बिहार में योजनाओं की बहार है। नीतीश कुमार और प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी दोनों ने घोषणाएं की हैं। कल प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का शुभारंभ किया। इसके साथ ही कई अन्य योजनाओं का भी उन्होंने दिल्ली के विज्ञान भवन से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल युवा संवाद के तहत देश भर के नौजवानों को संबोधित किया। उन्होंने करीब 62 हजार करोड़ की योजनाओं का उपहार युवा आबादी को दिया, जिसमें बिहार पर विशेष फोकस रहा। अपने संबोधन में प्रधानमन्त्री बिहार के मुख्यमन्त्री नीतीश कुमार की उपलब्धियां भी गिनाते दिखे। पीएम ने कहा कि एनडीए की डबल इंजन सरकार लगातार बिहार के शिक्षण संस्थानों को आधुनिक बनाने में जुटी है। आईआईटी पटना में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विस्तार का काम शुरू हो गया है। आज बिहार में कई बड़े शिक्षण संस्थानों के आधुनिकीकरण का काम शुरू हुआ। एनआईटी पटना के बिहटा सेंटर को खोल दिया गया है। पटना यूनिवर्सिटी, बीए मंडल यूनिवर्सिटी, जय प्रकाश विद्यालय नालंदा, ओपन यूनिवर्सिटी, इन सभी संस्थाओं में नए एकेडमिक इंफ्रास्ट्रक्चर की नींव रखी गई है। पीएम ने कहा अच्छे संस्थानों के साथ-साथ नीतीश जी बिहार के नौजवानों की पढ़ाई का खर्च भी कम कर रहे हैं। बिहार सरकार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए मदद कर रही है। एक और निर्णय लिया गया है क्रेडिट कार्ड से मिलने वाले एजुकेशन लोन का ब्याज समाप्त कर दिया गया है। विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप भी डबल कर दिया गया है। भारत दुनिया के युवा देशों में से एक है और बिहार उन राज्यों में शामिल है, जहां आबादी के अनुपात में सबसे अधिक युवा हैं। इसलिए बिहार के युवाओं का सामर्थ्य बढ़ता है, तो देश की ताकत बढ़ती है। सरकार युवाओं के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। पीएम ने कहा कि राजद के शासनकाल की तुलना में यहां का शिक्षा बजट कई गुना बढ़ा दिया गया। आज बिहार में करीब करीब हर गांव में एक स्कूल बन चुका है। इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेजों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। हाल में ही केंद्र सरकार ने बिहार के छोटे जिलों के लिए 19 केंद्रीय विद्यालय की की स्वीकृति दी है। एक समय था जब बिहार में स्पोर्ट्स से जुड़ा एक भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय संस्थान नहीं था। आज बिहार में भारत के नेशनल, इंटरनेशनल इवेंट हो रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग जननायक कर्पूरी ठाकुर की विरासत चुराने की कोशिश कर रहे हैं, बिहार की जनता सावधान रहे। हाल ही में कांग्रेस के वोटर अधिकार यात्रा कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी को जननायक और पूर्णिया सांसद पप्पू यादव द्वारा तेजस्वी यादव को जननायक बताने पर पीएम ने अप्रत्यक्ष रूप से तंज कसा। प्रधानमन्त्री ने कहा कि बिहार की जनता जानती है कि असली जननायक कौन है। कर्पूरी ठाकुर ने जो सम्मान जनता से पाया, उसे कोई हथिया नहीं सकता। उन्होंने संवाद कार्यक्रम में जुड़े युवाओं को जंगलराज की याद दिलाई। उन्होंने कहा, अढ़ाई दशक पहले की शिक्षा व्यवस्था और बुरे हालात का आपको अंदाजा नहीं है। पहले बिहार में शिक्षा व्यवस्था तबाह थी। न स्कूल खुलते थे न बच्चे आते थे। बच्चों को बिहार छोड़कर जाना पड़ा। यहीं से पलायन की असली शुरूआत हुई, जिस पेड़ की जड़ों में कीड़ा लग जाता है, उसे फिर खड़े करने में बहुत मेहनत लगती है। राजद के राज में बिहार में वही कीड़े लग गए थे। नीतीश जी के साथ मिलकर हम बिहार को फिर पटरी पर लाए। बिहार के विकास सफर में एक और ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के मुजफ्फरपुर जिले को एक बड़ी सौगात दी है। लंबे समय से लंबित पताही एयरपोर्ट के टेंडर और निर्माण को मंजूरी दे दी गई है। इस ऐतिहासिक फैसले की पुष्टि बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री और बीजेपी नेता सम्राट चौधरी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमन्त्री मोदी और मुख्यमन्त्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय तिरहुत क्षेत्र के करोड़ों लोगों के सपनों को साकार करेगा। नीतीश कैबिनेट की संपन्न हुई बैठक में भी 129 प्रस्तावों पर मुहर लगी है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, धार्मिक पर्यटन, रोजगार और शहरी विकास जैसे कई अहम क्षेत्रों पर फैसले लिए गए। छात्रवृत्ति के लिए 3 अरब की राशि मंजूर की गई हैं, जिसके तहत कक्षा एक से 10 तक के तक के स्कूलों बच्चों की छात्रवृत्ति राशि दोगुनी कर दी गई है। इससे राज्य के लगभग डेढ़ करोड़ छात्र-छात्राओं को लाभ होगा। कक्षा एक से 4 तक के बच्चों की सालाना छात्रवृत्ति राशि 600 रुपए से बढ़ाकर 1200 रुपए कर दी गई है। कक्षा 5 और 6 के बच्चों की छात्रवृत्ति राशि 1200 से बढ़ाकर 2400 रुपए कर दी है। कक्षा 7 से 10 के बच्चों की छात्रवृत्ति राशि 1800 रुपए से बढ़ाकर 3600 रुपए कर दी गई है। भागलपुर में ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा निर्माण के लिए 931 कर भूमि अधिग्रहण करने के लिए 472 करोड़ 72 लाख रुपये तो सहरसा हवाई अड्डा के रनवे विस्तार के लिए अतिरिक्त करीब 12 एकड़ भूमि अधिग्रहण करने के लिए 147 करोड़ 76 लाख 56 हजार 180 रुपए की कैबिनेट में मंजूरी मिली है। नीतीश कैबिनेट ने दिवाली से पहले राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी तोहफा दिया है। महंगाई भत्ता 55 फीसदी से 58 फीसदी कर दिया गया है, जो 1 जुलाई 2025 से प्रभावी माना जाएगा। केंद्र की तर्ज पर महंगाई भत्ता बढ़ाया गया है। डीए बढ़ोतरी से 5 लाख से अधिक कर्मचारियों को लाभ होगा।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'झूट' 'सच' 'भेद' 'वक़्त'

झूट को सच, तीरगी को रौशनी कहते रहे,
जो सिखाया था हमें,हम बस वही कहते रहे।
भेद सदियों का खुला है अब कहीं जाकर सुनील,
वक़्त के शैतान को भी हम वली कहते रहे।

# जीएसटी सुधार पर चेयरपर्सन ने किया व्यापारियों संग संवाद

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** नगरपालिका चेयरपर्सन ने मंडी बिंदल बाजार में व्यापारियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए जीएसटी सुधारों को व्यापारी हित में ऐतिहासिक विजय बताया। पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में व्यापारिक करों में दी गई राहत को लेकर व्यापारियों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। इस दौरान व्यापारियों से उन्होंने संवाद करते हुए कहा कि यह सुधारात्मक कदम न केवल व्यापार को सुलभ बनाएगा, बल्कि स्थानीय आर्थिक विकास को भी नई दिशा देगा। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा व्यापारिक कर ढांचे में की गई सुधारात्मक पहल से व्यापारियों को कर दरों में राहत मिली है, जिसे लेकर व्यापारिक समुदाय में विशेष उत्साह देखा गया। इसी क्रम में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं प्रमुख व्यापारी नेताओं के साथ व्यापारियों के बीच पहुंचकर भाजपा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। न्यू मंडी बिंदल





बाजार में पहुंच उन्होंने व्यापारियों से जीएसटी रिफॉर्म पर संवाद स्थापित किया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की उन्नति राष्ट्र की समृद्धि का आधार है। जीएसटी सुधार सिर्फ करों का सरलीकरण नहीं, बल्कि देश की आर्थिक रीढ़ माने जाने वाले व्यापारियों के लिए नई ऊर्जा का स्रोत है। यह निर्णय व्यापार व उद्योगों के लिए एक प्रगतिशील कदम है, जिससे आत्मनिर्भर भारत की राह और सशक्त होगी। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में सहयोग की अपील करते हुए साथ कहा कि जीएसटी रिफॉर्म व्यापारिक परिदृश्य में पारदर्शिता, समानता और विकास का नया अध्याय है। हम सभी को मिलकर इस बदलाव को आत्मसात करना चाहिए और व्यापार को राष्ट्र सेवा का माध्यम बनाना चाहिए। इस मौके पर मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री ने व्यापारिक हितों के संरक्षण हेतु अनेक कार्य किए, व्यापारी वर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है। इस दौरान व्यापारी प्रतिनिधियों शलभ गुप्ता, विजय बाटा, अमित जैन के नेतृत्व में बिंदल चौराहे के सौन्दर्यकरण हेतु एक मांगपत्र दिया गया, जिसे मीनाक्षी स्वरूप ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान दिनेश पुंडीर, सुनील तायल, घनश्याम, जितेन्द्र कुमार, पुरोहित उटवाल, मनीष कुमार, राजेश कुमार, विपिन, पारस, जनार्दन विश्वकर्मा, गिरीश पाहुजा, तरुण मित्तल, बिट्टू गुप्ता, कपिल अरोरा, आशुतोष गुप्ता, पंकज जैन, सुभाष मित्तल, गौरव कुच्छल, ऋषभ जैन, अमित अरोरा, गौरव नरूला, भावना नरूला, हरिओम शर्मा, ऋषि धीमान, पारस जैन सहित अनेक व्यापारी एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## लायंस क्लब मुजफ्फरनगर सेंट्रल द्वारा मनाया गया 50वां स्थापना (स्वर्ण जयंती) दिवस

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बुस.)।** शनिवार को लायंस क्लब मुजफ्फरनगर सेंट्रल द्वारा क्लब का 50वां स्थापना (स्वर्ण जयंती ) दिवस अपना घर आश्रम शुक्रताल में वहां उपस्थित प्रभुजनों को भोजन एवं मिष्ठान वितरित करके मनाया। लायंस क्लब मुजफ्फरनगर सेंट्रल की स्थापना 04 अक्टूबर 1975 को हुई थी। आज क्लब की स्थापना को 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वहाँ उपस्थित मानसिक रूप से कमजोर प्रभुजनों को सर्वप्रथम चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। तत्पश्चात प्रभुजनों के साथ केक काटकर एवं उन्हें भोजन तथा मिष्ठान वितरित करके क्लब का स्वर्ण जयंती दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्लब अध्यक्ष लायन शिवशंकर मित्तल, सचिव लायन निपुण मित्तल, कोषाध्यक्ष लायन कार्तिक सिंघल, लायन नीलकमल पुरी, लायन सुधीर गोयल, लायन नरेश शर्मा, लायन सचिन सिंघल, लायन रचित गोयल, लायन अनुभव गोयल एवं क्लब लायनेड उपस्थित रहे।

# डीएम-एसएसपी ने सुनी सदर तहसील में पीड़ितों की समस्याएं

### - शिकायतों का समय रहते हल कराने के दिए अफसरों को निर्देश

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** सदर तहसील सभागार में डीएम उमेश मिश्रा व एसएसपी संजय वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न सम्पूर्ण समाधान दिवस में राशन कार्ड, भूमि विवाद, नगरपालिका, नगर पंचायत, राजस्व, पेंशन, श्रम विभाग, विद्युत एवं सड़कों आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। इस बीच प्राप्त कुल 90 शिकायतों में से मौके पर 05 शिकायतों का निस्तारण करते हुए अन्य तमाम शिकायतों का समय रहते निदान कराने के अधीनस्थों को निर्देश दिए गए। सदर तहसील समाधान दिवस के अवसर पर डीएम उमेश मिश्रा ने यहां पर शिकायत रजिस्टर का अवलोकन करते हुए पीड़ितों से फोन पर वार्ता कर फीडबैक लिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का स्वयं अधिकारी मौके पर जाकर तुरंत निस्तारण कराएं और यदि कोई ऐसी शिकायत है, जिसका हल नहीं हो सकता, उसके संबंध में



शिकायतकर्ता को कारण समेत अवगत भी कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का एक सप्ताह में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए, इसमें किसी प्रकार से भी शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयांतर्गत निस्तारण किया जाए। आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायत कंप्यूटर पर अपलोड होने से पहले उसे अच्छी तरह से पढ़ लें उसके बाद कंप्यूटर पर अपलोड कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर शिकायत का निस्तारण में लापरवाही बरती जाती है या पेंडिंग में होती है, तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए निर्देशित किया कि पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से मौके पर पहुंच कर शिकायतकर्ता से शिकायत के सम्बन्ध में फीडबैक लें कि वह संतुष्ट हैं और मौके का फोटो भी कराएं। इस दौरान सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया, एसडीएम प्रवीन द्विवेदी, तहसीलदार राधेश्याम गौड़, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शक्ति शरण, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार, बीएसए संदीप कुमार, जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया, जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव, ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह, सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# पटेलनगर रामलीला में 50वें रामलीला मंचन का हुआ समापन





**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** श्री आदर्श रामलीला भवन सेवा समिति पटेलनगर के स्वर्ण जयंती रामलीला मंचन महोत्सव में राजा रामचन्द्र के राजतिलक की लीला में भावपूर्ण व रोमांचक मंचन कलाकारों ने प्रस्तुत करते हुए दर्शकों को भक्ति भाव की वैतरणी में डुबकी लगाने का काम किया। इस बीच जय श्रीराम के उद्घोष के साथ अयोध्या का हर घर खुशियों के दीयों से प्रकाशमय दिखाई दिया। अयोध्या में राजा रामचन्द्र के दरबार में प्रसन्नता और सम्पन्नता का आगमन हुआ एवं चहुं ओर हर्ष और उल्लास के बीच अनेक नृत्य नाटिकाओं के सहारे कलाकारों ने धर्म की विजय को सुन्दर ढंग से प्रस्तुत करके दर्शकों को श्रद्धा व आस्था के भाव के साथ रोमांच में बांधे रखा। पटेलनगर रामलीला मैदान में संपन्न विजयदशमी के बाद संपन्न हुई रामलीला के अंतिम दिवस पर शुक्रवार रात्रि में श्रीराम के अयोध्या लौटने व राजतिलक की लीला का मंचन अत्यंत भव्य और हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। श्री राम के राज्याभिषेक के इस दिव्य प्रसंग की शुरूआत मंच पर पूजन के साथ हुई, पंडित बृजेन्द्र मिश्रा ने मुख्य अतिथि उद्यमी रघुराज गर्ग और संजीव अग्रवाल सहित रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ पूजन संपन्न कराया। मंच को अयोध्या के राजमहल के रूप में सजाते हुए इसमें सुनहरी झालरों, दीप माला और पुष्पों की सुंदर सजावट थी। प्रभु श्रीराम का राजतिलक अतिथियों की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के साथ वैदिक विधि से कराया गया। तिलक के पश्चात भरत द्वारा श्रीराम को सिंहासन सौंपने का दृश्य अत्यंत मार्मिक था। श्रीराम का आदर्श शासन और रामराज्य की स्थापना का संदेश मंचन का केंद्रीय भाव रहा। इसके पश्चात कलाकारों ने नृत्य नाटिका के माध्यम से अयोध्या में छाये हर्ष व उल्लास को दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया।

रामलीला समिति द्वारा चयनित कलाकारों ने अपने-अपने पात्रों का अत्यंत जीवंत और भावनात्मक अभिनय किया। श्रीराम की भूमिका में पंकज शर्मा ने मर्यादा पुरुषोत्तम के स्वरूप को सजीव किया। मंचन के अंत में जब जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा मैदान गूंज उठा, तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो साक्षात त्रेता युग लौट आया हो। इस दौरान रामलीला कमेटी के मुख्य प्रबंधक और गुरूजी अनिल ऐरन व उनकी धर्मपत्नी मीना ऐरन को मुख्य अतिथि रघुराज गर्ग द्वारा पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया और रामलीला के स्वर्ण जयंती महोत्सव को यादगार बनाने के लिए बधाई दी। इसके पश्चात रामलीला के कलाकारों, निर्देशक मंडल और तमाम सहयोगियों को चांदी का सिक्का, स्मृति चिन्ह और प्रेमोपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य प्रबंधक अनिल ऐरन, कार्यक्रम संयोजक विकल्प जैन, गोपाल चौधरी, सुरेंद्र मंगल, जितेंद्र कुच्छल, प्रमोद गुप्ता, मनोज पाटिल, दिनेश जैन ठेकेदार, अनिल लोहिया, पीयूष शर्मा, राकेश मित्तल, विनोद गुप्ता, पंकज शर्मा, नारायण ऐरन, विजय मित्तल, जितेन्द्र नामदेव, गोविंद शर्मा, ज्योति ऐरन, कन्दर्प ऐरन, अनिल गोयल, अज्जु जैन, जितेन्द्र उपाध्याय, विवेक गर्ग, आकाश, आर्यन, पिन्टू, तनिष्क, अनन्त, अंश, संजय, चिराग सहित अन्य कलाकार मौजूद रहे।



## श्रीराम राज्याभिषेक के साथ रामलीला का हुआ समापन

### - भव्य श्रीकृष्ण रासलीला देख अभिभूत हुए श्रद्धालु

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** नई मंडी श्री रामलीला भवन में हो रहे 99वें श्री रामलीला महोत्सव का समापन प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक के साथ संपन्न हुआ, जिसमें प्रभु श्री राम द्वारा लंका पर विजय पाकर 14 वर्ष वनवास के बाद जब अयोध्या लौटे, तो पूरी अयोध्या में खुशियां मनाई गई। इस बीच मुनि वशिष्ठ ने अयोध्या के सिंहासन पर प्रभु श्रीराम को विराजमान होने के लिए कहा। मुनि वशिष्ठ के कहने पर प्रभु श्रीराम अयोध्या सिंहासन पर विराजमान हुए तथा प्रथम राजतिलक मुनि वशिष्ठ द्वारा किया गया। इस दौरान पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इस दौरान नई मंडी रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय मित्तल, मंत्री अशोक गर्ग एवं कोषाध्यक्ष आदित्य भरतिया ने अपनी टीम संग प्रभु श्रीराम का राजतिलक किया। इसके बाद कमेटी द्वारा कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। श्री रामलीला मंचन कार्य से जुड़े हुए सभी टेंट व बिजली वालों के साथ सफाई कर्मचारियों को भी मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष संजय मित्तल ने मंच के माध्यम से कहा कि इस आयोजन के दौरान मेरे या मेरी कमेटी द्वारा अगर किसी को जाने-अनजाने में किसी भी प्रकार की त्रुटि हुई हो तो मैं सभी से हाथ जोड़कर क्षमा मांगता हूं।, उन्होंने रामलीला से जुड़े हुए सभी सहयोगियों व श्री रामलीला देखने आए भक्तजनों का भी आभार व्यक्त किया। पूरी रामलीला मंचन में अपनी वाणी से बहुत ही सुंदर मंच संचालन करने वाले स्वदेश कौशिक को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान मथुरा से आई श्री गिरिराज लीला संस्थान के कलाकारों ने भगवान श्री कृष्ण पर आधारित भव्य रासलीला की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कैलाश चंद ज्ञानी, बृज गोपाल छारिया, सत्य प्रकाश मित्तल, अशोक तायल, राकेश खंडेलवाल, विनोद सिंघल, प्रवीण कुमार एडवोकेट, राजीव अग्रवाल, संजय जिंदल काका, मोहन लाल मित्तल, विशाल कालरा, राजेंद्र सिंघल, विदित गुप्ता, उपेंद्र मित्तल, अभिषेक कुच्छल, कुलदीप शर्मा,अचिन सागर, राजेश गोयल, विवेक बंसल, विवेक गर्ग, अतुल जैन आदि उपस्थित रहे।

# एसएसपी दफ्तर पहुंच टंढेड़ा के ग्रामीणों ने किया ककरौली पुलिस को आरोपित

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** टंढेड़ा के दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार को एसएसपी ऑफिस पहुंचकर छात्रा से बदसलूकी के मामले में ककरौली पुलिस पर आरोपियों को बचाने के गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि साक्ष्य होने के बावजूद पुलिस ने मात्र एक आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की है, जबकि दो को बचाने के लिए पीड़ित पक्ष को प्रताड़ित कर रही है। एसएसपी ने पीड़ित परिवार की मदद किए जाने के साथ दोषियों पर कड़ी कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। ककरौली थाना क्षेत्र के टंढेड़ा के दर्जनों ग्रामीणों ने शनिवार को स्थानीय पुलिस पर सवाल खड़े करते हुए पहले डीएम और बाद में एसएसपी ऑफिस पहुंचकर पुलिस के प्रति अपना आक्रोश किया। ग्राम टन्ढेड़ा निवासी ऋषिराज शर्मा ने बताया कि 27 सितंबर को स्कूल से लौटते समय तीन युवकों ने नाबालिग छात्रा को ईख के खेत में खींचने के साथ उसके साथ बदसलूकी की थी। इस मामले में 3 युवकों को आरोपित किया गया था। स्थानीय पुलिस ने उदय नाम के आरोपी के खिलाफ ही कार्यवाही की, जबकि दो अन्य आरोपियों को साझ खाकर बचा लिया गया। ग्रामीणों ने आलाधिकारियों को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि उक्त मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा पीड़िता पर लगातार एक ही आरोपी का नाम लेने का इस बीच दबाव बनाया जा रहा है। इस मामले में अपनी इस बात को पुख्ता करने के लिए ग्रामीण वीडियो भी दिखा रहे हैं। ग्रामीणों ने एसएसपी के नाम दिए प्रार्थना पत्र में शेष दोनों आरोपियों के खिलाफ भी कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से बिजेंद्र शर्मा, विजयपाल शर्मा, सलेक शर्मा, डॉ. टीनू शर्मा, सुन्दर, अनुज शर्मा, पवन शर्मा, बालिस्टर गुर्जर, सुदेश, वीरेंद्र समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 02 अक्टूम्बर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 122150 | चांदी- | 151800 |
| सिक्का- | 1700 | गिन्नी- | 90705 |



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ

(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



## मुजफ्फरनगर से अग्रोहा धाम तक एक बस चलाने की उठी मांग

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा जनपद मुजफ्फरनगर की एक बैठक नई मंडी बड़ी धर्मशाला में आहूत हुई, जिसकी अध्यक्षता संजय मित्तल और संचालन दिनेश बंसल ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक कंसल ने गरीब वैश्य समाज के लिए चिकित्सा, शिक्षा और शादी के लिए कुछ कोष बनाए जाने की जरुरत पर जोर दिया। अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि तेरहवीं में मृत्यु भोज का भविष्य में बहिष्कार होना चाहिए। महामंत्री अनिल तायल ने कहा कि सभी संगठनों को संगठित रखकर समाज की सेवा कार्य करने का आह्वान हुआ है, जिसके परिणाम जल्द ही दिखाई देंगे। शिवकुमार सिंघल ने कहा कि मुजफ्फरनगर से एक बस अग्रोहा धाम के लिए चलनी चाहिए। इसके लिए राज्यमंत्री और एआरएम रोडवेज से मिलकर बस के संचालन का प्रारूप रखा जाएगा। प्रवीण गुप्ता ने कहा कि एक पाठ महाराजा अग्रसेन जी का पाठ्यक्रम में रखा जाए। महासभा में इन सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पास किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से विश्वदीप गोयल, अजय सिंघल, अमित अग्रवाल बंटी, मुकेश गुप्ता, शोभित गुप्ता, रजत गोयल, पवन सिंघल, विनीत गर्ग, श्रवण अग्रवाल, कशिश गोयल, अशोक सिंगल, पुरुषोत्तम सिंगल, कपिल गर्ग, विपिन गोयल, शशिकांत गर्ग आदि मौजूद रहे।

IIHT & Bharat Charitable Hospital
Vill. Nihal Kheri, G.T. Road, Deoband, Distt. Saharanpur

WALK IN INTERVIEW
for Academic & Clinical post

- Principal:- Nursing/ Paramedical
- Nursing Tutor :- B.Sc. Nursing/M.Sc. Nursing
- Assistant Prof. :- Physiotherapy / Optometry / Medical Lab Deptt. (MPT, M.Sc. Optometry, M.Sc. MLT, Patho, Medical Micro)
- Tutor :- BMLT/BPT/B.OPT/B.OT.
- Doctor :- M.B.B.S., M.D./ Pulmo/ Gynae, MS Ortho

Walk In Interview:
10:00AM on 18/10/2025 at College Campus
Experience:- Experience as per UGC/University norms
Fresher can also apply for the post of Clinical Instructor/Demonstrator
Secretary
IIHT Paramedical College & Hospital
Contact No. 9012400032, 9012700032
E-Mail:- kuldeepranaiiht@gmail.com



## फर्जी मुठभेड़ और भ्रष्टाचार' के आरोप, मोरना में भाकियू की पंचायत का आयोजन

### - भाकियू ने एसएसपी कार्यालय के घेराव की बनाई रणनीति

**भोपा, 04 अक्टूबर (बु.)।** पुलिस पर 'फर्जी मुठभेड़, भ्रष्टाचार और निर्दोष लोगों को फर्जी तरीके से जेल भेजने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने आगामी आठ अक्टूबर को एसएसपी कार्यालय घेरने का ऐलान कर दिया है। इस संबंध में शनिवार को मोरना में भाकियू के पदाधिकारियों ने पंचायत का आयोजन कर एसएसपी कार्यालय के घेराव की रणनीति बनाई। भाकियू पदाधिकारियों ने कहा कि आठ अक्टूबर को एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा और क्षेत्र की जनता को एसएसपी कार्यालय पर पहुंचने की अपील की है। भोपा थाना क्षेत्र के मोरना में लव पैराडाइज बैंकेट हॉल में शनिवार को किसान यूनियन टिकैत की एक पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें मोरना के प्रधान पति सर्वेंद्र राठी को जेल भेजने का मामला छाया रहा। पंचायत में सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे। पंचायत में बोलते हुए वक्ताओं ने पुलिस पर जमकर हमला बोला। भाकियू के योगेश शर्मा ने कहा कि जनपद मुजफ्फरनगर की पुलिस पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है और थानों में फर्जी तरीके से पुलिस मुठभेड़ दिखाकर पैरों में गोली मारकर जेल भेज रही है। पुलिस की मनमानी के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी। हमने अनिश्चितकालीन धरना देने की तैयारी शुरू कर दी है और आठ अक्टूबर को एसएसपी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य संजय रवि ने कहा कि मोरना के एक सम्मानित व्यक्ति को पुलिस द्वारा बेवजह फंसाया गया है, जो बहुत ही गलत है, जिसके विरोध में आठ अक्टूबर को दलित समाज ज्यादा से ज्यादा संख्या में एसएसपी ऑफिस पहुचेंगा। अन्य वक्ताओं ने भी जनपद की पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पंचायत को जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, तहसील अध्यक्ष अमीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मोरना अनुज राठी और पूर्व चेयरमैन राजेश कुमार ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मोंटी राठी, आस मोहम्मद, अजय कुमार, अशोक कुमार, सतीश, अनूप सिंह, राजकुमार, आमिर, रतन सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार व अध्यक्षता करणपाल सिंह ने की।

# एडीएम से अप्रूव लक्कीकुंज कॉलोनी में 2000 रूपये गज तक की छूट

### - अपना घर बनाने का सपना कीजिए पूरा

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (ब्यूरो)।** मुजफ्फरनगर के गांधी कॉलोनी से सटे पचेंडा रोड पर लक्की कुंज का शुभारम्भ धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर कॉलोनी के स्वामी अमिन मान व सोनू ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त कॉलोनी एमडीए से अप्रूव है और पचैंडा रोड के नसीरपुर जाने वाले रास्ते की ओर उक्त कॉलोनी लक्कीकुंज के नाम से काटी गयी है। बड़ी बात यह है कि शुभारम्भ के अवसर पर लक्कीकुंज के स्वामी अमित मान व सोनू ठाकुर ने घोषणा की कि दीपावली तक उक्त कॉलोनी के अन्तर्गत प्लॉट खरीदने वालों को 2000 रूपये प्रति गज की छूट दी जायेगी। लक्कीकुंज के शुभारम्भ अवसर पर पहुंचे नगर के गणमान्य लोगों ने लक्कीकुंज स्वामियों को बधाई दी। इस अवसर पर अमित मान, सोनू ठाकुर, दीपक, प्रदीप, सुबोध, विनित, विवेक, विनय, लक्की, सतीश आदि मौजूद रहे।






# नानक बस्ती के पथ संचलन में हुई स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा



**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला में विजयदशमी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना दिवस के अवसर पर नानक बस्ती गांधी वाटिका गांधी कॉलोनी पर पथ संचलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। नानक बस्ती में आयोजित किए गए पथ संचलन कार्यक्रम से पूर्व कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर जी ने शस्त्र पूजन कर प्रारंभ किया गया। पथ संचलन के बौद्धिक में आरएसएस के क्षेत्र कार्यकारिणी सदस्य सतीश चंद ने कहा कि प्रत्येक वर्ष में हजारों सामाजिक संस्थाएं बनती है, जिनका जीवन दो चार वर्ष या 50 वर्ष तक हो सकता है, लेकिन अधिकांश संस्थाएं अपने संस्थापकों की मृत्यु के बाद अपनी चमक खो देती है या उनके कार्य के लिए कुछ नहीं रहता। इस सबके विपरीत आरएसएस का नाम और कार्य लगातार वृद्धि कर रहा है। इसका कारण स्वयंस्वकों का अथक परिश्रम, अनुशासन व एकता की भावना है। उन्होंने कहा कि समाज ने आरएसएस के राष्ट्र प्रथम व राष्ट्र परम वैभव व सारा देश का समाज अपना है, इस सोच को स्वीकार किया। उन्होंने विजयदशमी के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए श्रीराम के जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ. हेडगेवार जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता की लड़ाई में कई बार वे जेल गए। पंच परिवर्तन के विषयों की जानकारी दी, कैसे अपने परिवार को जोड़कर रखे और पर्यावरण संरक्षण करते हुए देश के कानूनों का पालन करें तथा स्वदेशी को लेकर स्व का भाव जाग्रत करें। बौद्धिक के उपरांत संघ प्रार्थना हुई तथा पथ संचलन हुआ, इसमें स्वयंसेवकों ने कदम से कदम मिलाकर अनुशासन का पालन किया। संचलन बस्ती के मुख्य मार्गों से होते हुए निकला। इस दौरान जगह-जगह स्थानीय लोगों ने भारत माता की जय के साथ पुष्प वर्षा की। कार्यक्रम में पटेलनगर के संघ चालक श्रीमान अनिल धमीजा जी रहे। व्यवस्था में बाल जी, रमेश साईं जी, विकास जी, नरेश जी, सतीश जी, निरहम जी, अंकुर जी, संजय जी, मधुर जी, मुकेश जी, भगत सिंह एकता मंच के अनमोल जी के साथ पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।



# अनुबंधित बस मालिकों की मांग, डग्गामार पर लगे लगाम

## रोडवेज की वर्कशॉप को सैटेलाइट बस अड्डे पर शिफ्ट करने की उठाई मांग

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्तूबर (बु)।** रोडवेज बसों के बेड़े में 41 बसें अनुबंधित हैं। अनुबंधित बसें यानि वो बसें जो प्राईवेट हैं, लेकिन अस्थाई तौर पर 10 साल के अनुबंध पर रोडवेज ने हायर कर रखी हैं, इनके मालिकों का सीधा संबंध रोडवेज डिपो से होता है। आज मुजफ्फरनगर रोडवेज डिपो के एआरएम मनोज कुमार सिन्हा से अनुबंधित बसों के मालिकों का एक दल मिलने पहुंचा। जहां उन्होंने एआरएम को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। आपको बता दें कि मौजूदा समय में रोडवेज के मुजफ्फरनगर डिपो में लगभग 200 बसों का कुनबा है, जिनमें 41 बसें अनुबंधित हैं। यह 41 बसें अलग-अलग प्राईवेट मालिकों की हैं, जो कि निर्धारित समय के लिये रोडवेज की देख-रेख में चल रही हैं।

इन रोडवेज के मालिकों को इसके लिये लगभग 19 रुपए प्रति किलोमीटर के हिसाब से भुगतान किया जाता है। इसमें बस का रखरखाव और डीजल आदि का खर्चा बस मालिकों को वहन करना होता है। इसमें एक फायदा रहता है कि अगर अनुबंधित बस दुर्घटना का शिकार हो जाती है, तो जैसे रोडवेज बस में घायल या मृतकों को मुआवजा राशि मिलती




है, वैसे ही अनुबंधित बसों में भी क्लेम की सुविधा का प्रावधान है। रोडवेज एआरएम से मिलकर अनुबंधित बसों के मालिकों ने कुछ अपनी मांग भी रखी और कुछ सुझाव भी दिये, जिसका फायदा ना सिर्फ रोडवेज को होगा, बल्कि इन अनुबंधित बसों को भी इसका फायदा पहुंचेगा। उनका कहना था कि अगर हमारे सुझाव रोडवेज मान लेती है, तो रोडवेज के राजस्व में भारी फायदा मिल सकता है। अनुबंधित बसों के मालिकों ने मांग रखी कि बस स्टैंड पर जो वर्कशॉप है उसे स्थानांतरित करके ट्रांसपोर्ट नगर में ले जाया जाए। आपको बता दें कि ट्रांसपोर्ट नगर में रोडवेज के पास जमीन है। इस जमीन पर वो अपना कोई भी कार्य जैसे अगर बसों की संख्या अधिक हो जाए, तो उन्हें खड़ा करने इत्यादि के लिये प्रयोग किया जाता है। बसों के मालिकों ने बताया कि अगर वर्कशॉप यहां से सैटेलाइट बस अड्डे पर स्थानांतरित कर दी जाये, तो रोडवेज के अड्डे का क्षेत्र बढ़ जाएगा और जो बसें टी-प्वांइट पर खड़ी रहती हैं। उन्हें बस स्टेंड के अंदर खड़ा करने की जगह मिल जायेगी। जिससे टी-प्वांइटों पर जो जाम लगता है, उससे बसों को ही नहीं आम जनता को भी लाभ मिलेगा।

दूसरा सुझाव देते हुए अनुबंधित बस के मालिकों ने बताया कि डिपो के पास अपनी ही 200 बसें हैं। इनमें से लगभग 40-50 बसें रोडवेज पर खड़ी रहती हैं। इन बसों के कारण यहां अन्य बसों को खड़ा करने के लिये जगह ही पर्याप्त नहीं होती। जिसके कारण उन अनुबंधित बसों को कई बार रोडवेज से बाहर खड़ा करना पड़ता है। जिससे यातायात तो प्रभावित होता ही है साथ ही साथ समय सारणी और सवारियां न मिलने की समस्या भी पैदा हो जाती है। इसके अलावा उन्होंने मांग की कि कैराना से यमुना ब्रिज तक का जो रूट है, उसमें सवारी नहीं मिलती हैं और अनुबंधित बसें केवल यूपी की सीमा तक ही जा सकती हैं। स्टेट क्रॉस करने की आज्ञा केवल रोडवेज की बसों को ही है। अतः हमारी मांग है कि रोडवेज पर ज्यादा खर्च ना डालते हुए इस रूट पर अनुबंधित बसों को बंद कर दिया जाये।

### डग्गामारी पर लगे प्रतिबंध

**मुजफ्फरनगर।** अनुबंधित बस के मालिकों ने मांग की है कि जो जनपद के कई क्षेत्रों में बिना परमिट के डग्गामार वाहन चल रहे हैं, वो रोडवेज के राजस्व को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इन पर लगाम लगाना बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि डग्गामार सबसे ज्यादा शहरी क्षेत्र में महावीर चौक की तरफ से मेरठ और खतौली जाने वाले रास्ते पर व जिला अस्पताल से छपार क्षेत्र की ओर जाने वाले क्षेत्र एवं ग्रामीणों क्षेत्रों में चलते हैं, जिसका खामियाजा रोडवेज को भुगतना पड़ता है। उन्होंने रोडवेज एआरएम से अपील की कि डग्गामार पर परिवहन विभाग द्वारा जल्द से जल्द बड़ा एक्शन लिया जाये, ताकि रोडवेज को भारी राजस्व नुकसान से बचाया जा सके।

## कोचिंग सेंटर में विस्फोट, 2 छात्रों की मौत, 5 घायल

**फर्रुखाबाद, 04 अक्तूबर (एजेंसी)।** फर्रुखाबाद में जबरदस्त धमाका हुआ है। कोचिंग सेंटर में चलती क्लास के बीच हुए धमाके में दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि छात्रा सहित पांच छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके की आवाज से आसपास हड़कंच मच गया। कोचिंग सेंटर में भगदड़ मच गई। सातनपुर मंडी रोड पर स्थित कटियार कोल्ड स्टोरेज के निकट द सन क्लासेज लाइब्रेरी व कोचिंग सेंटर संचालित है। शनिवार दोपहर करीब 3.30 बजे इसके बाहर जोरदार विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि जिस भवन में कोचिंग सेंटर संचालित था वह हिल गया। भवन में रखा फर्नीचर, बाहर लगा टीनशेड, खम्भा आदि गिर गए। टीनशेड में खड़ी बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। आसपास रखे लकड़ी के खोखों में नुकसान हुआ। धमाका होते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई। घटना में 26 वर्षीय आकाश सक्सेना की मौके पर ही मौत हो गई। कोचिंग में पढ़ रही छात्रा व पांच छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने अन्य घायलों को डा. राममनोहर लोहिया अस्पताल भेजा। जहां हालत गंभीर होने पर 25 वर्षीय आकाश कश्यप व 11 वर्षीय रिदम यादव को रेफर कर दिया गया। आकाश कश्यप ने कानपुर ले जाते समय कमालगंज के निकट दम तोड़ दिया। लोहिया अस्पताल में गांव निनौआ निवासी कक्षा पांच का छात्र अभय, सेंट्रल जेल के निकट निवासी कक्षा छह की छात्रा अंशिका गुप्ता, गुंजन विहार कालोनी निवासी कक्षा पांच का छात्र पियूष यादव व उसका भाई कक्षा तीन का छात्र निखिल यादव अस्पताल में भर्ती हैं। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने लोहिया अस्पताल पहुंचकर घायल बच्चों से जानकारी ली। घटनास्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। सिटी मजिस्ट्रेट संजय बंसल, सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने फोर्स के साथ मौके पर जांच की। मौके पर बारूद जैसी गंध आ रही थी। वहीं सेप्टिक टैंक फटने की भी आशंका जताई गई। धमाके के कारणों को तलाशा जा रहा है। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी सेप्टिक टैंक में विस्फोट हुआ है।

## अमेरिका में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या

**नयी दिल्ली, 04 अक्टूबर (वार्ता)** अमेरिका के डलास में अध्ययनरत एक भारतीय छात्र की शनिवार को हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। तेलंगाना में सिद्धिपीठ के विधायक एवं पूर्व मंत्री हरीश राव थन्नीरू ने ट्वीट किया कि बीडीएस की पढ़ाई पूरी कर डलास गए चंद्रशेखर पोल की आज तड़के हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। उन्होंने राज्य सरकार से चंद्रशेखर पोल का पार्थिव शरीर जल्द से जल्द उनके गृहनगर लाये जाने की मांग की। चंद्रशेखर तेलंगाना का रहने वाला था। उन्होंने कहा "यह दुखद है कि बीडीएस की पढ़ाई पूरी कर डलास गए एलबी नगर के छात्र चंद्रशेखर पोल की आज तड़के हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हम भारत राष्ट्र समिति की ओर से राज्य सरकार से चंद्रशेखर के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द उनके गृहनगर लाने के लिए पहल करने की मांग करते हैं।"

## एक लाख के इनामी बदमाश को ढेर करने वाली पुलिस टीम को किया सम्मानित

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्टूबर (बु.)।** थाना क्षेत्र बुढ़ाना में थाना बुढाना व शाहपुर की संयुक्त पुलिस टीम व बदमाशों के बीच भीषण पुलिस मुठभेड़ के दौरान, पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी सूक्ष्म जवाबी फायरिंग में कुख्यात लुटेरा/डकैत अभियुक्त महताब उर्फ गलकटा पुत्र अब्बास घायल हो गया था, जिसे पुलिस टीम द्वारा बिना देर किए तत्काल उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ पर दौराने उपचार डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया था। अभियुक्त महताब उर्फ गलकटा 01 शातिर किस्म का अपराधी था, जिसके विरुद्ध विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, रंगदारी, गैंगस्टर जैसी संगीन धाराओं में 18 से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं तथा अपर पुलिस महानिदेशक, मेरठ जोन, मेरठ द्वारा अभियुक्त महताब उर्फ गलकटा उपरोक्त पर 01 लाख रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। आज एसएसपी संजय कुमार वर्मा द्वारा उक्त पुलिस मुठभेड़ में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारी / कर्मचारीगण के साथ अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन मेरठ भानु भास्कर के कार्यालय पर जाकर मुलाकात की गयी। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा पुलिस टीम को सम्मानित करते हुए उत्सावर्धन किया गया। मुजफ्फरनगर



पुलिस की इस सफलता ने एक ओर जहां अपराधियों के खिलाफ सख़्त संदेश दिया है, वहीं दूसरी ओर समाज में सुरक्षा और न्याय की भावना को और मजबूत किया है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, क्षेत्राधिकारी बुढ़ाना गजेन्द्र पाल सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना बुढ़ाना सुभाष अत्री, थानाध्यक्ष शाहपुर मोहित चौधरी सहित थाना बुढ़ाना व शाहपुर पुलिस टीम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बारिश के चलते मां वैष्णो देवी यात्रा पर 3 दिन की रोक, 8 अक्टूबर से दोबारा शुरू होगी यात्रा

**जम्मू, 04 अक्तूबर (एजेंसी)।** मौसम की बेरुखी और बारिश को लेकर आगामी तीन दिन के लिए मां वैष्णो देवी की यात्रा स्थगित रहेगी, जिसकी जानकारी श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा शुक्रवार रात्रि की 10:00 अपने एक्स हैंडल पर दी। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक आगामी 5 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक मां वैष्णो देवी की यात्रा स्थगित रहेगी, क्योंकि मौसम विभाग द्वारा चेतावनी दी गई है कि इन तीन दिनों में मौसम खराब रहेगा और बारिश होगी। इसको लेकर श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने यात्रा स्थगित करने का फैसला लिया है और मां वैष्णो देवी की यात्रा आगामी 8 अक्टूबर को सुचारू होगी। वहीं अपने एक्स हैंडल में श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने मां वैष्णो देवी की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं से कहा



है कि वह श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के साथ ही एक्स हैंडल पर अपडेट लेते रहें, ताकि मां वैष्णो देवी की यात्रा को लेकर किसी भी तरह की श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। हालांकि, 4 अक्टूबर यानी कि आज मां वैष्णो देवी की यात्रा आम दिनों की तरह सुचारू रहेगी और श्रद्धालु आज शनिवार को बिना किसी परेशानी के मां वैष्णो देवी की यात्रा कर सकते हैं। बता दें कि बीते 26 अगस्त को खराब मौसम तथा भीषण बारिश के चलते मां वैष्णो देवी मार्ग पर अर्धकुमारी मंदिर क्षेत्र में भीषण हादसा पेश आया था, जिसमें 34 श्रद्धालुओं की जान चली गई थी, जबकि कई श्रद्धालु घायल हो गए थे। इसके बाद लगातार मौसम की बेरुखी रहा और करीब 22 दिन मां वैष्णो देवी की यात्रा स्थगित रही थी और बीते 17 सितंबर को श्राइन बोर्ड द्वारा मां वैष्णो देवी की यात्रा को सुचारू किया गया था।




## पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले आतंकी सज्जाद गुल की प्रॉपर्टी की कुर्क

**श्रीनगर, 04 अक्तूबर (एजेंसी)।** पहलगाम टेरर अटैक को लेकर श्रीनगर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शनिवार को लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादी समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) के संस्थापक सज्जाद गुल की दो करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क कर दी। सज्जाद पर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का आरोप है। इसमें 25 पर्यटक और एक स्थानीय टट्टूवाला मारा गया था। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने रोज एवेन्यू, एचएमटी में स्थित 15 मरला जमीन पर बने एक तीन मंजिला आवासीय मकान को कुर्क किया है। राजस्व रिकॉर्ड और तहसीलदार सेंट्रल श्रीनगर के अनुसार, लगभग 2 करोड़ रुपये मूल्य की यह संपत्ति गुलाम मोहम्मद शेख, पुत्र ख्वाजा अनवर शेख, नामित आतंकवादी सज्जाद अहमद शेख उर्फ सज्जाद गुल के पिता के नाम दर्ज है। लिस प्रवक्ता ने बताया कि कुर्की की कार्रवाई पुलिस स्टेशन परिमपोरा में दर्ज एफआईआर के तहत की गई है। उन्होंने कहा कि यह कार्यवाही गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धारा 25 के तहत शुरू की गई थी। जो अधिकारियों को आतंकवादी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल की गई या इस्तेमाल की जाने वाली संपत्तियों को कुर्क करने का अधिकार देती है। यह कार्रवाई संबंधित कार्यकारी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गई। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि हालांकि संपत्ति आतंकवादी के पिता के नाम पर पंजीकृत है, लेकिन जांच से पता चला है कि सज्जाद गुल इसमें एक सक्रिय हितधारक है। उन्होंने कहा कि सज्जाद आतंकवाद को बढ़ावा देने, राष्ट्र-विरोधी प्रचार करने और अलग-अलग ऑनलाइन और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से सरकार के खिलाफ असंतोष भड़काने में शामिल रहा है। पुलिस के अनुसार, यह कुर्की श्रीनगर पुलिस की आतंकवाद के वित्तीय, रसद और संचालन नेटवर्क को ध्वस्त करने की चल रही रणनीति का हिस्सा है। इसमें उनके सीमा पार प्रायोजक और समर्थक भी शामिल हैं। पुलिस ने आगे कहा कि यह कार्रवाई एक स्पष्ट संदेश देती है कि आतंकवाद को सहायता देने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं को सख्त कानूनी परिणाम भुगतने होंगे। इसमें अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों को जब्त करना भी शामिल है। टीआरएफ अनुच्छेद 370 के बाद अस्तित्व में आया। पुलिस के अनुसार यह 22 अप्रैल के पहलगाम आतंकी हमले सहित कई आतंकी हमलों में शामिल रहा है।

## बरेली में सपा की नो एंट्री, पुलिस के घेरे में माता प्रसाद हाउस अरेस्ट, संभल में बर्क के घर कड़ा पहरा

**बरेली, 04 अक्तूबर (एजेंसी)।** बरेली में 26 सितंबर को आई लव मोहम्मद के नारे लगे और इसके बाद हुई सांप्रदायिक हिंसा के बाद हालात संवेदनशील बने हुए हैं। अब बरेली हिंसा के मामले में सियासत शुरू हो गई है और समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली से बरेली के लिए जल्द रवाना होने वाला है। इससे पहले सपा नेता और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय सहित कई सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल को बरेली जाने वाला था, लेकिन जिला मजिस्ट्रेट बरेली ने पुलिस आयुक्त लखनऊ और अन्य जिलों के पुलिस कप्तानों को पत्र लिखकर निर्देश दिया कि बिना अनुमति कोई भी राजनीतिक प्रतिनिधि बरेली की सीमा में प्रवेश ना करें। दिल्ली के गाजीपुर बॉर्डर पर ही तीनों समाजवादी पार्टी के सांसद सड़क पर बैठ गए हैं और पुलिस समझाने की कोशिश कर रही है। समाजवादी पार्टी के आंवला सांसद नीरज मौर्या को पुलिस ने हिरासत में लिया। समाजवादी पार्टी के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय के घर पर पुलिस पहरा लगा है और उन्हें हाउस अरेस्ट कर रखा गया है। माता प्रसाद पाण्डेय ने लखनऊ स्थित अपने घर से निकलने की कोशिश में लगे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें घर में ही रोक लिया है। माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा, हमें जाने नहीं दे रहे हैं। बरेली में एक समुदाय डरा हुआ है, हमारे दूसरे लोगों को भी रोक दिया गया है। अभी तो नहीं जाने दे रही है, पुलिस लेकिन जल्द जाएंगे बरेली। मेरे जाने से वहां माहौल कैसे खराब हो जाएगा, पता नहीं। ये बात हमारे नेता अखिलेश जी को भी पता हो गया है कि हम लोगों को जाने नहीं दे रहे हैं। जानकारी के मुताबिक कुछ देर बाद समाजवादी पार्टी का डेलिगेशन बरेली के लिए निकलेगा। दिल्ली से समाजवादी पार्टी के तीन सांसद हरेंद्र मलिक, इकरा हसन और मोहिबुल्लाह नदवी बरेली जाएंगे।

### सांसद हरेंद्र मलिक और इकरा हसन को बार्डर पर रोका

**बरेली।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर बरेली बवाल के बाद वहां के हालात जानने जा रहे समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं को अलग-अलग जगहों पर रोक दिया गया है। कैराना की सांसद इकरा हसन, रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी और मुजफ्फरनगर के सांसद हरेंद्र मलिक को दिल्ली-गाजियाबाद बार्डर पर रोक दिया गया है। वहीं संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क को अपने ही घर में हाउस अरेस्ट कर रोक दिया गया है। उनके घर पर आधी रात के बाद से पुलिस तैनात है। दिल्ली-गाजियाबाद बार्डर पर रोकी गई इकरा हसन ने आरोप लगाया कि यूपी में अघोषित इमरजेंसी दिख रही है। उन्होंने कहा कि आई लव मोहम्मद पर किसी को आपत्ति क्यों है यह बात समझ से परे है। उन्होंने कहा कि हमें बरेली में बस लोगों से मिलना है। वहां हिंदू-मुस्लिम का एजेंडा उठाया जा रहा है। इकरा हसन ने कहा कि सरकार सत्ता से बाहर होने से डर गई है। जनप्रतिनिधियों को जनता से मिलने का हक है। इकरा हसन ने कहा कि हम वहां के लोगों से मिलकर रहेंगे।



## ई-रिक्शा और दो पहिया वाहनों पर चला पुलिस का डंडा, 30 ई-रिक्शाएं सीज, 27 दो पहिया वाहनों के चालान





**मुजफ्फरनगर, 4 अक्टूबर (बु.)।** यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को शहर में सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान फिटनेस प्रमाण पत्र न होने पर 30 ई-रिक्शाओं को सीज कर दिया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया वाहन चालकों के खिलाफ भी अभियान चलाया गया। पुलिस ने बिना हेलमेट और तीन सवारी बैठकर चल रहे 27 दो पहिया वाहनों के चालान किए। इसके अतिरिक्त, सड़क पर गलत दिशा में खड़े एक टेंपो को भी सीज करने की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस निरीक्षक राकेश कुमार का कहना है कि यह अभियान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ इसी तरह सख्ती बरती जाएगी।

## मुजफ्फरनगर के जिला सूचना अधिकारी बने बाबू राम

**मुजफ्फरनगर, 04 अक्तूबर (बु.)।** सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के निर्देशक विशाल सिंह ने शनिवार देर शाम आधा दर्जन जिला सूचना अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया है। उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के क्षेत्र प्रचार प्रभाग की ओर से जारी पत्र में आगरा, मथुरा, अम्बेडकरनगर, महाराजगंज, शाहजहांपुर, मुजफ्फरनगर, कानपुर देहात, उन्नाव, सीतापुर, भदोही, कुशीनगर में जिला सूचना अधिकारियों की नियुक्ति करते हुए अपना पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के अधीन क्षेत्रीय प्रचार संगठन के अन्तर्गत जिला सूचना कार्यालयों में कार्यरत जिला सूचना अधिकारियों की उक्त तबादला सूची में जिला सूचना अधिकारी शैलेन्द्र शर्मा को आगरा से मथुरा, जिला सूचना अधिकारी प्रशान्त कुमार सुचारी मथुरा से आगरा और जिला सूचनाअधिकारी बाबू राम को शाहजहांपुर से मुजफ्फरनगर भेजा गया है। इसके अलावा अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार वर्मा को अंबेडकर नगर से महाराजगंज, एडीआईओ रवीन्द्र सिंह कोकनपुर से अंबेडकर नगर औरसुभाष चन्द्र को उन्नाव से कानपुर देहात भेजा है। वहीं अपर जिला सूचना अधिकारी प्रशान्त अवस्थी को सीतापुर से उन्नाव और अपर जिला सूचना अधिकारी अनिल कुमार सिंह को भदोही से कुशीनगर से संबद्ध किया है संबंध क्या है। सूचना निदेशक विशाल सिंह ने स्पष्ट किया है कि उक्त कार्मिकों का वेतन उनके तैनाती जनपद से ही आहरित होता रहेगा। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व किसी भी प्रकार का अवकाश देय न होगा। संबंधित कार्मिक तत्काल कार्यभार ग्रहण कर तत्संबंधी सूचना मुख्यालय को भेजना सुनिश्चित करेंगें। कार्यभार ग्रहण न किये जाने की दशा में संबंधित कार्मिक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही संस्थित कर दी जायेगी, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगें। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## उत्तर प्रदेश में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ, 04 अक्टूबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की औपचारिक घोषणा कर दी है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी ने सार्वजनिक सभा में इसका ऐलान किया था। सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक सात अक्तूबर को प्रदेश भर में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। योगी आदित्यनाथ ने एक हफ्ते पहले श्रावस्ती जिले से वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की थी। इस दिन को राज्य स्तर पर विशेष महत्व देने के लिए सरकारी अवकाश घोषित किया है। गौरतलब है कि भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की मांग की थी। समाज के पदाधिकारी द्वारा सरकार से सात अक्तूबर को सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने को लेकर ज्ञापन भी सौंपे थे।

## अलग-अलग थाना क्षेत्रों से वारंटी गिरफ्तार कर भेजे जेल

**मुजफ्फरनगर, 4 अक्टूबर (बु.)।** थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक नफर अभियुक्त को मय चोरी हुई मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। एसएसपी मुजफ्फरनगर द्वारा संदिग्ध व्यक्ति, वाहन व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं घटनाओं के अनावरण हेतु चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के क्रम में तथा पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नई मंडी के निर्देशन एवं नेतृत्व में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा थाना नई मण्डी में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 482/25 धारा 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए उक्त घटना से सम्बन्धित एक नफर अभियुक्त सुधांशु पुत्र समय सिंह निवासी अमित विहार कूकड़ा थाना नई मण्डी को मुखबिर की सूचना पर विश्वकर्मा चौक से गढ़ गांव की ओर जाने वाले रजवाहा रोड पर गौशाला फार्म के पास से मय उक्त मुकदमे में चोरी हुई मोटर साइकिल यूपी 12 बी 5020 सहित को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर उक्त अभियुक्त के विरुद्ध धारा 317 (2)



बीएनएस की वृद्धि की गई। वहीं कोतवाली नगर पुलिस ने भी वारन्टी एवं वाँछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये एन्टी रोमियो टीम के द्वारा वारण्टी नफर अभियुक्त साजिद अली पुत्र शकील अहमद निवासी न्याजुपुरा थाना कोतवाली नगर उम्र 34 वर्ष को, आपरेशन चक्रव्यूह के दौरान 01 नफर वारंटी अभियुक्त भूरा पुत्र सगीर निवासी गहरा बाग खालापार थाना खालापार उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।





AMMCO BANK

# आदर्श महिला मर्केन्टाइल कोओपरेटिव बैंक लिमिटेड

274/1, New Mandi Muzaffarnagar, U.P. 251001

" पुनः ई-नीलामी बिक्री सूचना

"पुनः ई-नीलामी बिक्री सूचना भारतीय वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु एवं सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) की उपवधि तथा नियम 9(1) के साथ पठनीय

सार्वजनिक रूप से एवं विशेष रूप से संबंधित ऋणकर्ता, सह-ऋणकर्ता, बंधककर्ता एवं गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसे **आदर्श महिला मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड,** के पक्ष में बंधक / गिरवी रखी गई थी, और जिसका सांकेतिक/भौतिक कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, उसे **"जैसी है जहां है"** और **"जो है वही है"** **बिना किसी पुनरावृत्ति के** आधार पर बेचा जाएगा।

**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 06.11.2025, शाम 5:00 बजे तक**
**ई-नीलामी की तिथि एवं समय: 07.11.2025, सुबह 10:00 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक**

| क्र.सं. | ऋणकर्ता/गारंटर का नाम व पता | अचल संपत्ति का विवरण | कुल बकाया राशि / खाता विवरण | आरक्षित मूल्य / अर्नेस्ट मनी (EMD) | निरीक्षण तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | i) **श्रीमती इंदु रानी** पत्नी श्री प्रदीप कुमार **(उधारकर्ता)** निवासी 402, गली नंबर 3, मिमलाना रोड, गणेश पुरी, रामलीला टिल्ला, मुजफ्फरनगर।<br>ii) **श्री प्रदीप कुमार** पुत्र श्री राजेंद्र कुमार निवासी 402, रामलीला टिल्ला, मुजफ्फरनगर **(गारंटर)**।<br>iii) **सय्यदा** पत्नी बाबूदीन निवासी 436, केवलपुरी, मुजफ्फरनगर **(गारंटर)**। | एक आवासीय भूखंड और भवन, खसरा संख्या 1454/2, स्थित लेन नंबर 2, मोहल्ला रामलीला टिल्ला, शाहबुद्दीनपुर, मुजफ्फरनगर, तहसील परगना सदर, जिला मुजफ्फरनगर, जो श्री प्रदीप कुमार (पुत्र श्री राजेंद्र कुमार) के स्वामित्व में है, जिसका क्षेत्रफल 95.42 वर्ग मीटर है। **सीमाएँ: पूर्व** : श्री मोनी की संपत्ति **पश्चिम** : श्री ऋषिपाल की संपत्ति **उत्तर** : बालू की संपत्ति **दक्षिण** : 12 फुट चौड़ी सड़क। | ₹ 5,06,464 + 01.09.2024 से ब्याज + कानूनी/अन्य व्यय<br>**ऋण खाता संख्या**: 012200004001<br>**प्रतीकात्मक कब्ज़े की तिथि:-** 21.02.2025<br>**पिछली नीलामी की तिथि: 12.08.2025** | **₹ 12,54,600 /-** (पिछली नीलामी मूल्य का 90%)<br>**₹ 1,25,460/-** | **04.11.2025, सुबह 10 से शाम 5 बजे** |

बिक्री की विस्तृत शर्तें एवं नियम बैंक की वेबसाइट https://ammcobank.com/ पर "E-Auction" लिंक में उपलब्ध हैं अथवा संपर्क करें **बैंक अधिकृत अधिकारी:** 9690012433, 9690012432 headoffice@ammcobank.com **ई-नीलामी सेवा प्रदाता:** PSB Alliance (BAANKNET) +91 8291220220 support.BAANKNET@psballiance.com .

**तिथि: 04.10.2025** **स्थान: मुजफ्फरनगर** **प्राधिकृत अधिकारी**
**आदर्श महिला मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड**